कार्यालय अध्यक्ष, विभागीय परीक्षाएं
उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग,प्रयागराज
प्रयागराज: दिनांक: 16 मार्च, 2022

# विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या– 57/1/वि0प0/2022 द्वारा निम्नलिखित विभागों की आगामी विभागीय परीक्षा–2022 उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, 10– कस्तूरवा गांधी मार्ग, प्रयागराज के परीक्षा हाल में सम्पन्न होगी।

(सी–1) उ0प्र0 सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा सेवा के अधिकारी।

(डी) तहसीलदार

(ई) नायब तहसीलदार

(एफ) वन विभाग के अधिकारी

(जी) सिंचाई विभाग के अधिकारी

(जी–1) सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी

(एच तथा एच–1) स्टाम्प्स तथा निबंधन के अधिकारी

(के) सहकारिता विभाग के अधिकारी

(एल–1) कृषि विभाग के अधिकारी भाग–1

(एल–2) कृषि एवं कृषि अभियंत्रण विभाग के अधिकारी भाग–2

(एम–1) कृषि अभियंत्रण विभाग के अधिकारी भाग–1

(पी) गन्ना विकास विभाग के अधिकारी

(एस) राज्य रोजगार सेवा के अधिकारी

(एस–1) राज्य प्रशिक्षण सेवा के अधिकारी

(एस–2) अधीनस्थ राजपत्रित रोजगार सेवा के अधिकारी तथा ए0आई0एस0 अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों की उर्दू परीक्षा।

उपर्युक्त विभागों के अर्ह अधिकारियों/कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जातें हैं। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम बाद में विज्ञापित किया जायेगा। यह आवश्यक नही है कि आवेदन छपे हुए फार्म पर हो, परन्तु वे संलग्न फार्म 1–2 में भेजे जायें। अधिकारियों/कर्मचारियों को चाहिए कि वे आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपनी पास्टपोर्ट आकार की नवीनतम् फोटो जो अग्रसारण अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हो, लगाकर भेजें तथा उसी प्रकार अभिप्रमाणित फोटों की दूसरी प्रति भी संलग्न फार्म–2 (प्रमाणीकरण एवं उपस्थिति प्रपत्र) पर लगाकर भेजें। प्रमाणीकरण तथा उपस्थिति प्रपत्र पर अग्रसारण अधिकारी की उपस्थिति में हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

आवेदन पत्र स्थानीय विभागीय कार्यालय के सक्षम अधिकारी के माध्यम से संयोजक, विभागीय परीक्षाएं, कार्यालय उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, 10–कस्तूरबा गांधी मार्ग, प्रयागराज को दिनांक 30 अप्रैल 2022 तक अवश्य पहुंच जाय। वे आवेदन पत्र जो सर्वथापूर्ण नहीं होंगें या सीधे संयोजक को भेजे जायेंगें अथवा निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होंगें, स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

किसी प्रकार के उत्पन्न भ्रम का निराकरण तथा बाद में अनावश्यक पत्र व्यवहार को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि अधिकारी/कर्मचारी अपने आवेदन पत्र तथा प्रमाणीकरण एवं

उपस्थिति प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर मोटे तथा स्पष्ट अक्षरों में ऊपर प्रस्तर–1 में उनके विभाग के सम्मुख उल्लिखित कोड अक्षर जैसे कोड– (डी) (ई) (जी) एवं (एच) इत्यादि अवश्य लिखें। अधिकारी/कर्मचारी प्रमाणीकरण एवं उपस्थिति प्रपत्र (फार्म–2) मद संख्या–7 के सम्मुख अपने पिता/पति का नाम अवश्य लिखें।

आवेदन पत्र के साथ अपना पत्राचार का पता लिखा हुआ डाक टिकट सहित एक लिफाफा अवश्य भेजें ताकि परीक्षा सम्बन्धी सूचना शीघ्र भेजी जा सके।

16/3/22

(संजय गोयल)
अध्यक्ष,
विभागीय परीक्षायें एवं आयुक्त
प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

संख्या– 57/1/वि0प0/2022, तद्‌दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को इस आशय से प्रेषित की जाती है कि वे इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों को, जो उनके अधीन कार्यरत हैं, इस विज्ञप्ति से अवगत करा दें तथा उनको विज्ञप्ति में दिये गये अनुदेशों को सावधानी से ध्यान में रखने हेतु निर्देश देना अपेक्षित है। परीक्षार्थियों को यह भी सूचित कर दें कि गत विभागीय परीक्षाओं के प्रश्न पत्र निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, इलाहाबाद से क्रय किये जा सकते हैं:–

1– समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं उनके क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

3– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

4– समस्त परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 और समस्त जिला विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

5– समस्त जिला कृषि अधिकारी तथा कृषि संस्थानों के प्रधान, उत्तर प्रदेश।

6– समस्त परिक्षेत्रीय (जोनल) विकास अधिकारी, संयुक्त/उप विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

7– समस्त प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

8– सचिव, उत्तर प्रदेश शासन (1) वित्त (ख) कृषि तथा (ग) नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2– अग्रसारण अधिकारियों को यह निर्देश दिये जायें कि उक्त प्रार्थना पत्र को जो पूरी तरह से पूर्ण नहीं हैं और दिनांक 30 अप्रैल 2022 तक यहां पहुंच सकने योग्य न हों, रोक लें।

**3– अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ अपना पत्राचार का पता लिखा हुआ डाक टिकट सहित एक लिफाफा अवश्य भेजें, ताकि परीक्षा सम्बन्धी सूचना उन्हें शीघ्र भेजी जा सके।**

16/3/22

(अरविन्द कुमार मिश्र)
संयोजक,
विभागीय परीक्षायें एवं परीक्षा नियंत्रक
उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज।

# फार्म–1

विभाग तथा सेवा का कोड अक्षर

सेवा में,

अध्यक्ष,
विभागीय परीक्षायें, उत्तर प्रदेश
10 कस्तूरबा गांधी मार्ग,
प्रयागराज।

फोटो

महोदय,

विज्ञप्ति सं0 ........................, दिनांक ........................ के संदर्भ में मुझे सूचित करना है कि ................................ में होने वाली विभागीय परीक्षाओं में निम्नलिखित विषयों में मैं परीक्षा देना चाहता हूँ। मैं हिन्दी / अंग्रेजी भाषा में उत्तर दूंगा।

विषयः–

(1)

(2)

(3)

(4)

(5)

भाग

निम्नलिखित विषयों में पहले ही उत्तीर्ण हो चुका हूँः–

(1)

(2)

(3)

(4)

(5)

भाग

पूरा नाम बड़े अक्षरों में (अंग्रेजी में) ............................................

पूरा नाम (हिन्दी में) ............................................................

कार्यालय का नाम ............................................................

वर्तमान नियुक्ति का जिला ................................................

दिनांक ............................................................

अग्रसारण अधिकारी द्वारा प्रार्थी को परीक्षा के हेतु की गयी उपर्युक्त सूचनाओं से सम्बन्धित विशेष विवरणः–

भवदीय

अधिकारी / कर्मचारी के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि श्री ........................ द्वारा उपर्युक्त विभागीय परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु आवेदन पत्र में दिये गये विभिन्न विवरण, जहां तक मुझे ज्ञात है सही है और वे परीक्षा देने के पात्र हैं। निर्धारित प्रमाणीकरण एवं उपस्थिति प्रपत्र अभिप्रमाणित फोटोग्राफ सहित साथ में संलग्न है।

अग्रसारण अधिकारी के हस्ताक्षर

पूरा नाम ............................................................

पद का नाम ............................................................

# फार्म–2
## प्रमाणीकरण एवं उपस्थिति प्रपत्र

(1) अनुभाग तथा सर्विस का कोड अक्षर

(2) अनुक्रमांक (इसे प्रार्थी न भरे)

(3) पूरा नाम (अंग्रेजी में)

(4) पूरा नाम (हिन्दी में)

(5) पद का नाम

(6) नियुक्ति का स्थान

(7) पिता का नाम

(8) प्रार्थी के हस्ताक्षर

फोटो

(आवेदन पत्र भेजते समय प्रार्थी को यहां अवश्य हस्ताक्षर करना चाहिए। प्रार्थी के यहां पर किये गये हस्ताक्षर व आवेदन पत्र पर किये गये हस्ताक्षर से मिलान आवश्यक है।)

नोट– उपर्युक्त स्तम्भ सं0–1 तथा 3 से 8 को आवेदन पत्र (फार्म–1) के साथ इस प्रपत्र को संलग्न करने से पहले पूर्ण रूप से भर लें।

हस्ताक्षर संयोजक
विभागीय परीक्षायें

(प्रपत्र प्राप्त होने पर)

| दिनांक | परीक्षा सत्र | विषय एवं प्रश्नपत्र | प्रार्थी के हस्ताक्षर | टिप्पणी (कक्ष निरीक्षक) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |
| | पूर्वान्ह / अपरान्ह | | | |

नोट– (1) परीक्षा भवन में परीक्षार्थियों को परीक्षा के प्रत्येक सत्र में हस्ताक्षर करना होगा।

(2) यदि प्रार्थी अनुपस्थित हैं तो कक्ष निरीक्षक, पहले, दूसरे व तीसरे खाने की पूर्ति अवश्य कर लें तथा चौथे खाने में अनुपस्थित लिखकर हस्ताक्षर कर दें।

हस्ताक्षर संयोजक
विभागीय परीक्षायें
(परीक्षा के अंतिम तिथि को हस्ताक्षर करने के लिए)